**Annual Examination, 2014**

**Class: H.S. 1st YEAR**

**Subject: Hindi (M.I.L)**

Time:3 Hours. Marks: 100

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1X5=5

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी के कहानीकार कौन हैं ?

(ख) मियाँ नसीरूदीन के खानदानी व्यवसाय क्या था ?

(ग) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ कौन हैं ?

(घ) 'कन्नड़ की मीरा' किसे कहा जाता है ?

(ङ) 'गीतपरेश' के रचनाकार कौन हैं ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

वर्तमान हिन्दी कविता की भूमि में आज एक कोलाहल सा छा रहा है,लोग कहते हैं कि इस कविता के माध्यम से राजनीति साहित्य पर चढ़ी आ रही है और जिस कला-पक्ष में फूल और फलों की सजावट होनी चाहिए थी, उसमें मजदूरों के गंदे चिथड़े, चिमनियों का धुआँ और खेतों की धूल भरती ज़ा रही है। शुद्ध कला के उपासकों को यह चिंता हो रही है कि साहित्य राजनीति के हाथ का रण-वाद्य बनता जा रहा है और उसके प्राणों की कलामयी दीप्ति दिनों-दिन क्षीण होती जा रही है। दूसरी ओर एक दल है जो शुद्ध कला की कृतियों को आनन्द और पलायन का प्रयास कहकर उसकी हँसी उड़ाता है,उसका विश्वास है कि जब जीवन में संघर्ष की आँधी चल रही हो, पराधीन राष्ट्र अपने गले के तौंक उतारकर फेंकने के लिए आंदोलन कर रहे हो, ऐसे समय में कवि का अपनी व्यक्तिक अनुभूति के मायाबंद में बंधे रहना जीवन के प्रति साहित्य की दायित्वहीनता का प्रमाण है,यह दल चाहता है कि साहित्य अपनी कल्पना के मायालोक से उतरकर पृथ्वी पर आये और निष्कयता से खींचकर प्रगति के मार्ग पर आरूढ़ हो।

(क) उपर्युक्त अवतरण के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ? 2

(ख) इस अवतरण में लेखक क्या कहना चाहता है ? 3

(ग) इस अवतरण के आधार पर शुद्ध कला का अर्थ क्या है ? 3

(घ) इस अवतरण में दूसरा दल के अनुसार साहित्यकार कैसा होना चाहिए ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2X10=20

(क) कृष्णा सोबती जी की दो उपन्यासों का नाम बताइए।

(ख) 'विदाई-संभाषण' नामक व्यंग्य कृति के रचनाकार कौन हैं और किस कृति का अंश है ?

(ग) 'बीजक' के तीन भाग क्या-क्या हैं?

(घ) त्रिलोचन का मूल नाम क्या है? उनके द्वारा रचित पठित कविता का नाम क्या है ?

(ङ) 'अक्क' शब्द का अर्थ क्या होता है और चन्नमल्लिकार्जुन देव कौन है ?

(च) 'पथेर पांचाली' के बाल कलाकारों के नाम क्या है और फिल्म की शूटिंग के लिए कौन सा गाँव चुना गया था ?

(छ) 'बिरादरी का यही सहारा होता है'------- प्रस्तुत कथन किसने कससे कहा था ?

(ज) स्पीति में क्या-क्या फसल होते है ?

(झ) सैयद हैदर रजा के पठित पाठ में उनके पसंदीदा फ्रेंच कलाकार कौन-कौन थे ?

(ञ) मन्नू भंडारी द्वारा रचित दो कहानी संग्रह का नाम लिखिए।